हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 3 जनवरी 2026

04 अंधे मोड़ पर बेकाबू डंपर खेत में जाकर पलटा गेहूं ...



07 लव-जिहाद में फिर एक नाबालिग को बहला-...





## खबर संक्षेप

### आज सावित्रीबाई फुले जयंती मनाई जाएगी

**सीहोर।** कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश महासचिव सीताराम भारती ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि देश की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले जयंती के अवसर पर शनिवार को भोपाल में कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है, जिसमें नवगठित प्रदेश कार्यकारिणी के पदभार एवं नियुक्ति आदेश वितरण कार्यक्रम भी किया जावेगा। शनिवार को प्रातः 11 बजे पीसीसी कार्यालय, भोपाल में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जीतू पटवारी पीसीसी अध्यक्ष मध्य प्रदेश, दिग्विजय सिंह पूर्व मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश एवं राज्यसभा सांसद, भगवती प्रसाद चौधरी प्रदेश प्रभारी, अनुसूचित जाति विभाग उपसिथत रहेगें। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदीप अहिरवार प्रदेशाध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग करेगें। कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश महासचिव सीताराम भारती ने सभी प्रदेश व जिले वासियों से अपील की है कि प्रदेश कार्यकारिणी के जिम्मेदार नवनियुक्त पदाधिकारियों, पूर्व प्रदेश पदाधिकारीगण व जिला अध्यक्षगण एवं प्रदेश के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाए।

### पतंगें बिजली लाइनों से दूर उड़ाने की अपील

**सीहोर।** नागरिकों की सुरक्षा के मद्देनजर आने वाले मकर संक्रांति के त्यौहार में बिजली कंपनी ने पतंगबाजी को बिजली की लाइनों, ट्रांसफार्मरों और पोल से दूर रखने की अपील की है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने बताया कि पतंगों और उनके धागों के कारण बिजली की लाइनों में फॉल्ट हो सकता है, जिससे न केवल विद्युत आपूर्ति बाधित होती है, बल्कि हादसे का भी खतरा बना रहता है। प्रबंध संचालक ने स्पष्ट किया कि पतंगों में इस्तेमाल होने वाले धागे और बांस की कीमची, दोनों ही बिजली की लाइनों के लिए खतरनाक हो सकते हैं। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया है कि पतंगबाजी करते समय सावधानी बरतें और लाइनों, ट्रांसफार्मरों तथा पोल से दूर पतंग उड़ाएं, ताकि मकर संक्रांति का त्यौहार सुरक्षित और उल्लासपूर्ण तरीके से मनाया जा सके। कंपनी ने यह भी चेतावनी दी है कि बिजली के तारों या पोल में फंसी पतंग को निकालने का प्रयास न करें। इसके अलावा, गिल्ली डंडे का खेल भी बिजली की लाइनों और डीपी से दूर खेलने का अनुरोध किया गया है, ताकि दुर्घटना से बचा जा सके और विद्युत आपूर्ति में कोई बाधा न उत्पन्न हो।


### जंग लगी पाइप लाइनों की सप्लाई से कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा, जगह-जगह से फूट रही पाइप लाइन से लीकेज

# इंदौर की 'जल त्रासदी' से सबक लेने की जरूरत 50 साल पुरानी पाइप लाइन से शहर में सप्लाई

भागीरथपुरा में दूषित पानी से 15 मौतों के बाद शहर में खौफ, जर्जर लाइनों के कारण हर महीने हो रहे 80 लीकेज, सडक़ों पर बह रहा हजारों लीटर पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर






इंदौर के भागीरथपुरा में जहरीले पानी के सेवन से हुई 15 मौतों ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। इस हृदय विदारक घटना के बाद अब शहर के नागरिकों की चिंता भी बढ़ गई है। कारण है, शहर की करीब 50 साल पुरानी जर्जर पाइपलाइनें। शहर में बिछा यह पाइपलाइनों का जाल अब 'टाइम बम' की तरह हो गया है, जो न केवल पानी की बर्बादी कर रहा है, बल्कि सीवर के संपर्क में आने के कारण भविष्य में किसी बढ़ी त्रासदी को भी न्योता दे रहा है।

बता दें शहर की आबादी एक लाख को पार कर चुकी है, लेकिन पेयजल सप्लाई का ढांचा दशकों पुराना है। मुख्य बाजार, गंज और पुराने मोहल्लों में बिछी कास्ट आयरन और सीमेंट की पाइपलाइनें अपनी उम्र पूरी कर चुकी हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि ये पाइपलाइनें तीन से चार फीट नीचे दबी हैं और जर्जर होने के कारण इनमें आसानी से गंदा पानी समा सकता है। शहर में कई जगह सीवर लाइन और पेयजल लाइनें पास-पास हैं, जिससे इंदौर जैसी स्थिति बनने का खतरा बना रहता है।

#### अमृत 2.0 योजना, दो साल का काम, एक साल की और डिमांड



नगर पालिका ने पुरानी लाइनों को बदलने के लिए केंद्र सरकार की अमृत 2.0 योजना के तहत प्रस्ताव भेजा था। इसके तहत शहर की पुरानी लाइनों को हटाकर नई एचडीपीई पाइपलाइन बिछाई जानी है। नगर पालिका उपयंत्री विजय कोली ने बताया कि इस काम को दो साल में पूरा होना था, लेकिन अब निर्माण एजेंसी एक साल का अतिरिक्त समय मांग रही है।

#### जंग लगी पाइपलाइनों से सप्लाई

पुरानी लाइनों के अंदर जंग लगने और कचरा फंसने के कारण अंतिम छोर के वार्डों में पानी का दबाव बहुत कम रहता है। इसके अलावा भारी वाहनों के गुजरने से जमीन के नीचे दबी ये कमजोर पाइपलाइनें अक्सर पिचक जाती हैं या टूट जाती हैं। भगवानपुरा, जमोनिया तालाब और काहिरी से होने वाली सप्लाई का एक बड़ा हिस्सा लीकेज की भेंट चढ़ रहा है।

#### इंदौर की घटना से डरे लोग

इंदौर के भागीरथपुरा में भी इसी तरह पाइपलाइन लीकेज हुई थी, जहाँ सीवर का पानी मिलने से लोग बीमार हुए और 15 की जान चली गई। शहर के नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका को लीकेज सुधारने के बजाय पूरी पाइपलाइन बदलने के काम में तेजी लानी चाहिए। आए दिन होने वाले सुधार कार्य केवल 'पैचवर्क' बनकर रह गए हैं, जो स्थाई समाधान नहीं है।

#### फैक्ट फाइल

- शहर में कुल वार्ड : 35
- सप्लाई पाइपलाइन का जाल : 100 किलोमीटर
- कुल मकान : 23,000
- नल कनेक्शन : 18,500
- महीने भर में पानी की बर्बादी : करीब 30 हजार लीटर (लीकेज के कारण)
- सुधार दल : 6 सदस्यों की 3 टीमें तैनात

#### महीने में 80 लीकेज सड़कों पर बहता पानी

शहर की पुरानी पाइपलाइनें अब पानी का प्रेशर झेलने में नाकाम साबित हो रही हैं। नगर पालिका के आंकड़ों के मुताबिक शहर में हर महीने औसतन 70 से 80 बार पाइपलाइन फूटती है। मंडी वर्कशॉप रोड पर ही पिछले 10 दिनों में तीन बार लीकेज हुआ। हाल ही में भोपाल नाका के कंचन मार्केट में पाइपलाइन फूटने से हजारों लीटर पानी सडक़ों पर बह गया।

## घर में अचानक हुआ विस्फोट युवक झुलसा



**बुधनी।** ओवरब्रिज के पास एक घर में हुए भीषण विस्फोट ने पूरे इलाके को दहला दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ओवरब्रिज क्षेत्र में रहने वाले 40 वर्षीय युवक राजू लोचकर के घर सुबह अचानक तेज धमाका हुआ। धमाका इतना जबरदस्त था कि करीब 100 मीटर दूर तक इसकी आवाज सुनी गई विस्फोट के बाद घर का सामान बिखर गया और दरवाजे तक टूट गए। बताया जा रहा है कि युवक सुबह चाय बना रहा था गैस टंकी खाली होने पर उसने दूसरी टंकी लगाई, लेकिन माना जा रहा है की दूसरी टंकी से गैस का रिसाब होता रहा इससे गैस कमरे में फैल गई जैसे ही युवक ने गैस जलाने की कोशिश की, जोरदार धमाका हो गया। धमाके में युवक गंभीर रूप से झुलस गया जलती अवस्था में वह किसी तरह बगल वाले घर की छत से बाहर निकला आसपास के लोगों ने तत्काल उसे मधुबन अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही एसडीओपी रवि शर्मा सहित पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में मामला गैस लीकेज से हुए विस्फोट का बताया जा रहा है युवक घर में अकेला ही रहता था, फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## साल भर में पुलिस ने 292 परिवारों को लौटाई खुशियां

### प्रदेश सहित बाहरी राज्यों से खोजकर लाए नाबालिग

**सीहोर।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशों का पालन करते हुए जिले की पुलिस ने 292 परिवारों में खुशियां लौटाई है। पुलिस अधीक्षक पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के कुशल निर्देशन में चलाए गए 'मुस्कान अभियान' के तहत तत्परता दिखाते हुए कुल 292 गुमशुदा बालक-बालिकाओं को सुरक्षित खोजकर उनके परिजनों के सुपुर्द किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2025 के आंकड़ों पर नजर डालें तो जिले में कुल 338 बच्चों की गुमशुदगी के मामले पुलिस के सामने थे, जिनमें से 270 मामले इसी वर्ष के थे और 68 मामले पिछले वर्षों के लंबित थे। पुलिस ने कड़ी मेहनत करते हुए इनमें से 292 बच्चों को बरामद करने में सफलता हासिल की। खोजे गए बच्चों में 37 बालक और 255 बालिकाएं शामिल हैं। सीहोर पुलिस की टीमें बच्चों की तलाश में केवल जिले तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि उन्होंने प्रदेश और देश की सीमाओं से बाहर जाकर भी अभियान चलाया।

#### बाहरी राज्यों से भी नाबालिग बरामद

पुलिस ने मध्यप्रदेश के बाहर अन्य राज्यों जैसे गुजरात से 10, राजस्थान से 5, महाराष्ट्र से 4, उत्तर प्रदेश से 3 और पंजाब से 1 बच्चे को सुरक्षित खोजा। इसी तरह प्रदेश के अन्य जिलों जैसे इंदौर, भोपाल, उज्जैन, देवास,



सागर और नर्मदापुरम सहित कई अन्य शहरों से भी 44 बच्चों को बरामद किया गया. जिले के भीतर से भी 225 बच्चों को खोजकर उनके घर पहुंचाया गया।

#### पुराने मामले भी सुलझाए

इस अभियान की सबसे बड़ी कामयाबी उन पुराने मामलों को सुलझाना रही जो बरसों से लंबित थे। पुलिस ने साल 2019 से लेकर 2024 तक के 34 लंबित मामलों में बच्चों को खोजा है। एसपी दीपक कुमार शुक्ला के अनुसार यह सफलता शीघ्र एफआईआर दर्ज करने, तकनीकी संसाधनों का बेहतर उपयोग करने और दूसरे राज्यों की पुलिस से बेहतर तालमेल बिठाने के कारण मिली है। जिला पुलिस हर बच्चा सुरक्षित, हर परिवार आश्वस्त के संकल्प के साथ आगे भी इसी संवेदनशीलता से कार्य करती रहेगी।

## 251 वरिष्ठ संत महंत महात्माओं के सानिध्य में हजारों लोगों ने किया एक लाख 25 हजार हनुमान चालीसा पाठ



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मथुरागढ़ सेमरा दांगी की भूमि विश्व विख्यात परम पूजनीय जगतगुरु महामंडलेश्वर, पीठाधीश्वर, संत महंत महात्माओं विशिष्ट गुरुजनों कथा वाचको और हजारों पुनीत पावन आत्माओं के चरणरज से पवित्र देवतुलय भूमि हो गई। देशभर के विभिन्न राज्यों शहर और नगरों से आमंत्रित किए गए 251 से अधिक संत महंत महात्माओं महाबलेश्वर पीठाधीश्वरो का शुभ आशीर्वाद हजारों श्रद्धालुओं को प्राप्त हुआ।

विश्वगुरु भारत महाअभियान के अंतर्गत शुक्रवार को आयोजित महा आयोजन में आस्था ऊर्जा राष्ट्र संकल्प का विराट महा विशाल हिन्दू संत समागम देखने को मिला। ऐतिहासिक विशाल कार्यक्रम में सामूहिक रूप से हजारों युवा रामभक्त पुरुषों महिलाओं युवक युवतियों और बच्चों ने 1 लाख 25 हजार हनुमान चालीसा का पाठ कर नया कीत्रिमान स्थापित कर दिया। जगतगुरू महामंडलेश्वर संत महंत महात्माओं का मंच पर विश्व गुरु भारत महा अभियान के संस्थापक अनिल ठाकुर के नेतृत्व में परिजनों और आयोजन समिति के वरिष्ठ सदस्यों ने श्रद्धालुओं की ओर से शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंटकर फूल मालाए पहना कर स्वागत कर आत्मीयता के साथ सम्मान किया।

### फसल का मुआवजा मिला, पर बीमा आज भी अधूरा सपना

# पीड़ित किसान भोपाल पहुंचकर अधिकारियों से बोले-अब सिर्फ आश्वासन नहीं, समाधान चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नए वर्ष की पहली सुबह सीहोर जिले के ग्राम चंदेरी किसानों और ग्रामीणों के लिए आशा की एक नई रोशनी लेकर आई। किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में किसानों का प्रतिनिधिमंडल भोपाल पहुंचा और मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव कार्यालय, मानव अधिकार आयोग तथा मुख्य निर्वाचन कार्यालय में पहुंचकर प्रदेश के शीर्ष अधिकारियों को गुलदस्ता भेंट कर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। साथ ही गांवों की पीड़ा, खेतों की चिंता और किसानों की टूटी उम्मीदों को शब्दों में पिरोकर सरकार के समक्ष रखा।

मुख्य सचिव अनुराग जैन से मुलाकात के दौरान किसानों ने कहा कि "सर, सोयाबीन की खराब फसल का मुआवजा और भावांतर मिल गया है, लेकिन फसल बीमा की राशि आज तक नहीं मिली।" किसानों ने मांग की



कि जिन गांवों में सड़क निर्माण के प्रस्ताव शासन में लंबित हैं उन्हें शीघ्र स्वीकृति मिले। साथ ही कई गांवों में गंभीर जल संकट और बिजली की समस्याओं से भी अधिकारियों को अवगत कराया गया।

मुख्य सचिव ने पूरे मन से किसानों की बात सुनी और भरोसा दिलाया कि सभी समस्याओं पर गंभीरता से कार्यवाही की जाएगी। मुख्य सचिव के उप सचिव डीके नागेंद्र साहब से मुलाकात कर रोड निर्माण की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सचिव चंद्रशेखर बालिम्बे से भेंट कर अनुसूचित जाति बस्तियों में सड़क निर्माण कार्य की आवश्यकता बताई। सचिव ने आश्वस्त किया कि संबंधित ग्रामों की सड़कें शीघ्र स्वीकृत की जाएंगी। किसानों के चेहरों पर उस पल वर्षों बाद सच्ची उम्मीद की चमक दिखाई दी, मानो गांव की गलियों में विकास की पहली दस्तक पड़ चुकी हो।

#### गांव आने का वादा, उम्मीदों का नया सूरज

किसानों ने मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह, मुख्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग, अनुसूचित जाति विभाग तथा गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव एसएन मिश्रा साहब से भेंट कर गांवों की वास्तविक स्थिति बताई और सभी को गांव आने का आमंत्रण दिया। अधिकारियों ने वादा किया कि वे अवश्य ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करेंगे। इस अवसर पर मोतीलाल मेवाड़ा, राम सिंह मेवाड़ा, बने सिंह मेवाड़ा, रमेशचंद्र वर्मा, प्रीतम मेवाड़ा सहित कई किसान मौजूद रहे। किसानों ने एक स्वर में कहा कि नया वर्ष तभी सच्चा होगा, जब गांव की सड़क, बिजली और पानी की समस्या दूर होगी।

## सीहोर लिखेगा स्वस्थ भविष्य की नई इबारत, गंभीर बीमारियां रहेंगी दूर

### आज आयोजित होगा भव्य आयोजन, लोगों का होगा उपचार

**सीहोर।** आज के आधुनिक युग में जब इंसान सुविधाओं के साथ-साथ अनेक बीमारियों का भी वारिस बनता जा रहा है, तब स्वस्थ जीवन की ओर लौटने का संदेश समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। तेज़ रफ्तार जीवन, तनाव, अनियमित खान-पान और निष्क्रिय दिनचर्या ने मनुष्य को अनेक असाध्य रोगों की ओर धकेल दिया है। इसी गंभीर स्थिति को बदलने और जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आरोग्य भारती जिला सीहोर द्वारा 3 जनवरी, शनिवार को प्रातः 10 बजे एक विशेष "स्वस्थ जीवन शैली" कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

यह कार्यक्रम हॉगवाट्र्स इंटरनेशनल स्कूल, सीहोर में आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं मार्गदर्शक के रूप में लाइफस्टाइल स्पेशलिस्ट सतीश जी मंत्री (इंदौर) उपस्थित रहेंगे, जो अपने गहन अनुभव और सरल शब्दों में यह बताएँगे कि किस प्रकार हमारी दैनिक आदतें ही हमारे स्वास्थ्य की असली नींव होती हैं। वे विशेष रूप से ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, हृदय रोग, मोटापा और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव के व्यावहारिक उपाय साझा करेंगे। आयोजन के संयोजक डॉ. गगन नामदेव, जिला संयोजक आरोग्य भारती एवं गिरिराज मित्र मंडल ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि लोगों के मन में स्वास्थ्य के प्रति एक नई चेतना और संकल्प जगाना है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति ही सशक्त समाज का निर्माण कर सकता है, और जब समाज स्वस्थ होगा, तभी राष्ट्र भी समृद्ध बनेगा। कार्यक्रम में योग, ध्यान, संतुलित आहार, सकारात्मक सोच, समय पर सोना-जागना, मोबाइल एवं तनाव से दूरी जैसी महत्वपूर्ण जीवनशैली आदतों पर विशेष चर्चा की जाएगी। साथ ही उपस्थित लोगों को यह भी समझाया जाएगा कि छोटी-छोटी आदतों में सुधार से कैसे बड़े रोगों से बचा जा सकता है।

आयोजकों ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि यह अवसर बार-बार नहीं मिलता। अपने स्वास्थ्य के लिए निकाला गया एक दिन पूरे जीवन को बदल सकता है। परिवार सहित इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर हर नागरिक अपने और अपने प्रियजनों के जीवन में सुख, शांति और दीर्घायु का बीज बो सकता है। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक संकल्प लिया जाएगा कि सीहोर को एक स्वस्थ नगर बनाना है और आने वाली पीढ़ियों को रोगमुक्त भविष्य देना है। आयोजन समिति ने शहर के सभी नागरिकों, युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठजनों तथा विद्यार्थियों से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने जीवन और अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित बनाने की अपील की है।

## खबर संक्षेप



### अवैध मदिरा के विरूद्ध की गई कार्रवाई

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण, परिवहन, विक्रय के विरूद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी दीप सिंह राठौर ने बताया कि आबकारी विभाग के दल द्वारा सीहोर क्षेत्र के शिवसागर ढाबा, राजा ढाबा बडनगर, महाकाल ढाबा, अपना ढाबा, परमार ढाबा, नमकीन की दुकान बडनगर, राजपूत ढाबा, पिपलिया मीरा ढाबों पर दबिश दी गई और आबकारी अधिनियम के तहत 7 प्रकरण विधिवत कायम किए गए। टीम द्वारा लगभग 11 लीटर देशी/विदेशी मदिरा जब्त की गई। जिसका अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 5000 रूपये है। इसके साथ ही 7 आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया है। यह कार्यवाही आबकारी उपनिरीक्षक माधव कुण्डल, रिया जैन, आबकारी मुख्य आरक्षक विजय कुमार शर्मा, आबकारी आरक्षक प्रिय वंदना पांडे, प्रियंका यादव एवं नगर सैनिकों द्वारा की गई है।

### 5 दिवसीय स्काउट गाइड का शिविर आयोजित



**इछावर।** क्षेत्र के गांव दीवड़िया के समीप एक निजी विद्यालय में पांच दिवसीय स्काउट एवं गाइड का शिविर आयोजित किया गया है। जिसमें स्काउट गाइड्स द्वारा प्रतिदिन अलग अलग स्थानों पर पहुंचकर स्वच्छता और सेवा कार्य किया जा रहा है। इसी के तहत शिविर के तीसरे दिन शुक्रवार को स्काउट गाइड गांव डूंडलावा स्थित शनिदेव मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने परिसर में साफ सफाई सहित अन्य सेवा कार्य किया। जिला संघ सीहोर के तत्वाधान में जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में द्वितीय सोपान प्रशिक्षण एवं जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर संस्कार पब्लिक स्कूल में किया गया है। शिविर में तृतीय दिवस में हाइक का आयोजन किया गया जिसमें भाटिया देव में स्काउट गाइड द्वारा बिना बर्तन के भोजन तैयार किया गया साथ ही एतिहासिक शनि देव मंदिर में दर्शन कर स्वच्छता अभियान चलाकर परिसर को साफ किया गया। ज्ञात हो की इस पांच दिवसीय शिविर में जिला स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है जिसमें प्रशिक्षण सुधीर सिंह विश्वकर्मा, राजेश मेवाड़ , रमेश चंद्र मेवाड़ा,राजेश सेन , पूजा सेन , रोवर देवांश के द्वारा दिया जा रहा है। संस्था के प्राचार्य राजेंद्र राजपूत के द्वारा विद्यालय के समस्त भौतिक एवं आवास व्यवस्था कुशलतापूर्वक की जा रही है साथ ही नव वर्ष की पूर्व संध्या पर दीवड़िया सरपंच ने शिविर का शुभारंभ किया गया एवं प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी गई।

---

#### हादसे की सूचना पर बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और टूटे तारों को हटाया

# अंधे मोड़ पर बेकाबू डंपर खेत में जाकर पलटा गेहूं की फसल खराब, 33 केवी लाइन टूटी

### तेज रफ्तार, अंधा मोड़ और अतिरिक्त एलईडी लाइट बनीं खतरे की वजह, बिजली सप्लाई बंद होने से बची चालक की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

तहसील भैरूंदा के अतरालिया जोड़ पर गुरुवार देर रात तेज रफ्तार और लापरवाही एक बार फिर बड़े हादसे की वजह बनते-बनते रह गई। अंधे मोड़ पर अनियंत्रित होकर एक खाली रेत डंपर किसान के खेत में जा घुसा। हादसे में खड़ी गेहूं की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई, वहीं खेत से गुजर रही 33 केवी बिजली लाइन भी टूट गई। संयोग अच्छा रहा कि घटना के समय लाइन की बिजली सप्लाई बंद थी, जिससे बड़ा जानलेवा हादसा टल गया।

जानकारी के अनुसार गुरुवार रात करीब 10 बजे भैरूंदा से अतरालिया की ओर जा रहा खाली डंपर अतरालिया जोड़ के अंधे मोड़ पर चालक के नियंत्रण से बाहर हो गया। तेज रफ्तार के कारण डंपर सीधे पास ही स्थित किसान के खेत में उतर गया। खेत में फंसे डंपर को निकालने के प्रयास में चालक ने वाहन आगे-पीछे किया, इसी दौरान डंपर का ऊपरी हिस्सा खेत से गुजर रही 33 केवी बिजली लाइन के तारों में उलझ गया। तारों के खिंचाव से डंपर असंतुलित होकर पलट गया।



#### बिजली बंद थी, इसलिए बची जान

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यदि उस समय 33 केवी लाइन चालू होती तो चालक की मौके पर ही मौत हो सकती थी और आसपास के खेतों व रास्ते पर भी बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। शुक्रवार सुबह तक न तो डंपर मालिक सामने आया और न ही चालक का कोई सुराग मिल पाया।

#### डंपरों में अतिरिक्त एलईडी लाइट बना रही खतरा

मंडी–अतरालिया मार्ग पर रोजाना सैकड़ों रेत से भरे और खाली डंपरों की आवाजाही रहती है। इन डंपरों में लगी अतिरिक्त तेज एलईडी लाइट रात के समय सामने से आने वाले वाहनों की आंखों को चकाचौंध कर देती हैं। तेज रफ्तार और तेज रोशनी के कारण दोपहिया व चारपहिया वाहन चालकों को सामने का रास्ता स्पष्ट दिखाई नहीं देता, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।

#### बिजली विभाग और पुलिस की कार्रवाई

हादसे की सूचना पर बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और टूटे तारों को हटाया। खेत की बिजली सप्लाई बंद कर दी गई, जबकि गांव की आपूर्ति वैकल्पिक पोल के माध्यम से चालू की गई।

वहीं भैरूंदा थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने बताया कि डंपरों के खिलाफ रोजाना चलानी कार्रवाई की जा रही है। डंपरों में लगी अतिरिक्त एलईडी लाइट खुलवाकर जब्त की जा रही हैं और यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

#### किसान को भारी नुकसान



पीड़ित किसान दीपक विश्वकर्मा ने बताया कि हादसे में उनकी गेहूं की खड़ी फसल पूरी तरह चौपट हो गई। साथ ही खेत की बिजली लाइन टूटने से सिंचाई भी ठप हो गई है। किसान के अनुसार नुकसान करीब 1 से 1.5 लाख रुपये के बीच है। उन्होंने आरोप लगाया कि डंपर चालक नशे में था और अंधे मोड़ पर तेज रफ्तार में वाहन चला रहा था। किसान ने प्रशासन से जल्द मुआवजा दिलाने और बिजली सप्लाई बहाल कराने की मांग की है। किसानों ने मांग करते हुए कहा अतरालिया जोड़ जैसे अंधे मोड़ों पर चेतावनी बोर्ड, रिफ्लेक्टर, स्पीड ब्रेकर और नियमित पुलिस निगरानी की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों पर अंकुश लगाया जा सके।

---

# नागरिकों को मिले पर्याप्त व स्वच्छ जल:प्रिंस विकास राठौर

### नगर पालिका अध्यक्ष ने ली जलप्रदाय को लेकर बैठक

**सीहोर।** नगर में पर्याप्त एवं स्वच्छ जल मिले इसको दृष्टिगत रखते हुए शहर में जहां भी गंदा पानी आ रहा है और व्यर्थ बह रहा है उसको लेकर शुक्रवार को नगर पालिका परिषद में बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर ने दिशा निर्देश देते हुए कहा कि नगर में हर जगह पानी की पाईप लाईन चेक की जावे कि पाईप लाईन कहीं लीक तो नही है और यदि कहीं भी गंदा पानी आ रहा है, वहां पहुंचकर अधिकारी अवलोकन करे और जहाँ पर भी गंदा पानी आ रहा है या पानी व्यर्थ बह रहा है, उसका त्वरित निराकरण किया जावे, ताकि नागरिकगणों को स्वच्छ जल मिले और पानी व्यर्थ भी ना बहे। जल ही जीवन है, हमारा प्रयास है कि नगर के हर घर में पर्याप्त व स्वच्छ जल प्रदाय हो, साथ ही नागरिकणों से भी आग्रह है कि यदि कहीं भी पानी पाईप लाईन लीक नजर आवे या कहीं भी गंदा पानी आ रहा हो, तत्काल वार्ड पार्षद को सुचित किया जावे ताकि पाईप लाईन को दुरूस्त किया जा सके ताकि सभी को साफ-सुथरा पानी मिले। इस हेतु एक टीम भी गठित की गई। टीम का प्रभारी विजय कोहली एवं सह प्रभारी वैभव लोहानिया एवं राजेन्द्र गुप्ता को बनाया गया है।



बैठक में उपस्थित सुदीप व्यास, मांगीलाल मालवीय, प्रदीप गौतम, कमलेश राठौर, आशीष गेहलोत, लोकेंद्र वर्मा, कमलेश कुशवाह, घनश्याम यादव आदि ने उचित परामर्श दिया।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष दामोदर सिंह यादव का बुधनी विधानसभा क्षेत्र में भव्य स्वागत

**रेहटी।** दलित-पिछड़ा समाज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कोर कमेटी सदस्य एएसपी दामोदर सिंह यादव के बुधनी विधानसभा क्षेत्र रेहटी में प्रथम आगमन पर पूरे क्षेत्र में उत्साह और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। रेहटी मै जगह-जगह सामाजिक संगठनों एवं भीम आर्मी के पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और नारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। दलित पिछड़ा समाज संगठन के जिला सीहोर अध्यक्ष विजय वर्मा के नेतृत्व में रेहटी होते हुए भैरुंदा में राष्ट्रीय अध्यक्ष का गर्मजोशी से अभिनंदन किया गया। पुराना बस स्टैंड, रेहटी पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में उन्हें पारंपरिक पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया तथा संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के स्मृति चित्र भेंट किए गए। स्वागत समारोह के दौरान पूरा क्षेत्र ढोल-नगाड़ों की गूंज और उत्साहपूर्ण नारों से सराबोर रहा। इस अवसर पर संगठन प्रभारी अमित बनसोड एवं दिलीप मस्के भी राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ यात्रा में शामिल रहे। स्वागत कार्यक्रम में धर्म सिंह गोयल, बृजेश बकोरिया, राहुल धावरे, गोविंद सिंह कुशवाह, नीतीश राठौर, चंपालाल कमले सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने संगठन की जमीनी मजबूती और कार्यकर्ताओं की एकजुटता का स्पष्ट संदेश दिया।



# खाद व शासकीय योजनाओं के लिए फार्मर आईडी अनिवार्य, एक भी किसान न छूटे : कलेक्टर

**भैरूंदा।** खाद वितरण और शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर आईडी अनिवार्य है। कोई भी पात्र किसान इससे वंचित न रहे, इसके लिए गांव-गांव जाकर अभियान चलाया जाए। यह निर्देश सीहोर जिला कलेक्टर बालागुरू के. ने दिए। शुक्रवार को कलेक्टर ने भैरूंदा जनपद के कई ग्रामों में विकास एवं निर्माण कार्यों, फार्मर रजिस्ट्री, वन व्यवस्थापन सहित विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं का उद्देश्य तभी पूरा होता है, जब उनका क्रियान्वयन समय-सीमा में, गुणवत्ता के साथ और पारदर्शिता से किया जाए। सभी अधिकारी नियमित मॉनिटरिंग करते हुए प्राथमिकता से कार्य पूर्ण कराएं।

कलेक्टर सर्वप्रथम ग्राम सेवनिया पहुंचे, जहां उन्होंने पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केंद्र और विद्यालय की बाउंड्री वॉल का निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनबाड़ी एवं विद्यालय परिसरों में स्वच्छता और मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। किसी भी कमी को तत्काल दूर करने को कहा, ताकि बच्चों को बेहतर वातावरण मिल सके। साथ ही वन ग्रामों से राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन की प्रक्रिया की विस्तार से समीक्षा की। इसके बाद ग्राम महागांव कदीम में फार्मर रजिस्ट्री के लिए लगाए गए कैंप का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने किसानों से संवाद किया। उन्होंने पटवारी को निर्देशित किया कि आगामी दिनों में खाद वितरण ई-टोकन प्रक्रिया से किया जाएगा, जिसके लिए फार्मर आईडी आवश्यक है। सहकारी समितियों में पंजीकृत सभी किसानों की फार्मर आईडी शत-प्रतिशत तैयार कराई जाए। उन्होंने कहा कि खाद और शासकीय योजनाओं का लाभ पाने के लिए फार्मर आईडी जरूरी है, इसलिए कोई भी किसान न छूटे। ग्राम वासुदेव में कलेक्टर ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की समीक्षा की।

दोनों मतदान केंद्रों पर पहुंचकर बीएलओ से प्रगति की जानकारी ली और निर्देश दिए कि नो-मैपिंग वाले मतदाताओं को नोटिस समय पर तामील हों, ताकि मतदाता सूची शुद्ध और अद्यतन रहे। साथ ही ग्राम पंचायत के विकास एवं निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने राजस्व विभाग को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी ग्राम में फौती नामांतरण का एक भी प्रकरण लंबित न रहे। किसी किसान की मृत्यु होने पर पंचायत तत्काल मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करे और वैध वारिसों के नाम राजस्व अभिलेखों में शीघ्र दर्ज किए जाएं, ताकि हितग्राहियों को परेशानी न हो।

इसी क्रम में ग्राम नवलगांव में पंचायत द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों और वन व्यवस्थापन की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के साथ ग्रामीण विकास को संतुलित रूप से आगे बढ़ाया जाए और पौधारोपण व संरक्षण में स्थानीय सहभागिता सुनिश्चित हो। ग्राम गोपालपुर में आयुष विभाग के लिए आवंटित भूमि तथा राष्ट्रीय राजमार्ग का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सुधीर कुशवाह, तहसीलदार सौरभ शर्मा, जनपद सीईओ संजय अग्रवाल, नायब तहसीलदार मो. अनीस कुरैशी सहित राजस्व एवं वन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों ने देखा कृषि ड्रोन



**बुधनी।** करीबी ग्राम बगवाड़ा में केंद्रीय कृषि मशीनरी परीक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान की टीम ने किसानों के बीच पहुंचकर कृषि ड्रोन का डेमो किया वहीं इसकी उपयोगिता के बारे में भी किसानों को जानकारी उपलब्ध करवाई इस मौके पर बड़ी संख्या में किसान और टीटीसी के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### ठंडी व शीतलहर से बचाव के लिए अपील

**सीहोर।** शीतलहर और अत्यधिक ठंड के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग द्वारा नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संचार माध्यमों से मौसम संबंधी पूर्वानुमानों की नियमित जानकारी रखने और उनका पालन करने को कहा गया है। शीतलहर के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचने, घर के अंदर रहने तथा ठंड में लंबे समय तक बाहर न रहने की अपील की गई है।

नागरिकों को ऊनी कपड़ों की कई परतें पहनकर सिर, गर्दन, हाथ और पैरों को ढककर रखने, विटामिन-सी युक्त फल और सब्जियों का सेवन करने तथा शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए गर्म तरल पदार्थ पीने की सलाह दी गई है। साथ ही आसपास रहने वाले वृद्धजनों और बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है।

---

#### जिलाअध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता में यशराज गार्डन में हुई बैठक

# भाजपा सरकार मनरेगा को खत्म करने का काम कर रही है : राष्ट्रीय सचिव संजय दत्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

गुरुवार को जिला समिति की बैठक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं मध्य प्रदेश के शहर प्रभारी संजय दत्त के मुख्य अतिथ्य एवं जिला कांग्रेस कमेटी सीहोर के अध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता में स्थानीय यशराज गार्डन में बैठक आयोजित हुई, जिसमें विशेष अतिथि के तौर पर जिले की प्रभारी जय श्रीहरि किरण, दिनेश मेघानी, पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल, पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष कैलाश परमार, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. बलवीर तोमर उपस्थित थे। बैठक के प्रारंभ में मुख्य अतिथि संजय दत्त ने कांग्रेस के महापुरुषों के चित्र पर फूलमाला अर्पित किये गये। इसके पश्चात जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती एवं ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम यादव ने अतिथियों का गुलदस्ता और फूल माला पहनकर स्वागत किया। जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती ने मुख्य अतिथि को जिले में चल रही है एसआईआर की गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी समन्वय समिति की बैठक मे दी। विशेष अतिथि संजय दत्त ने जिले में चल रही एसआरआई एवं पार्टी के बीएलए की जानकारी जिला निर्वाचन प्रभारी एवं सभी विधानसभा प्रभारीयों से ली एवं कहा कि पार्टी के सभी बीएलए को बहुत सजक रहने की जरूरत है, ताकि अपने वोटरों का वोट ना कट सके। जिला प्रभारी जय श्री हरि किरण ने कहां कि आप लोग काफी सालों से संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन हम फिर भी सत्ता से दूर है लेकिन मुझे उम्मीद है आप लोगों की मेहनत एक दिन रंग जरूर लाएगी और कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी। बैठक में विशेष रूप से हरपाल ठाकुर, ओम वर्मा, जफर लाला, घनश्याम यादव, विवेक राठौर, राजेश भूरा यादव, गुलाब बाई ठाकुर, बलवान पटेल, जाहिद गुड्डू, के.के. रिछारिया, राजेश पटेल, घनश्याम मीणा, कलीम पठान, पवन गुर्जर, राम नारायण शर्मा, मनोज पटेल, सोनू राजपूत, चंदन मीना, अरविंद ठाकुर, गिरवर चौहान आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।




# संघ शताब्दी वर्ष : बगलीखेड़ा वनवासी क्षेत्र में आज होगा हिंदू सम्मेलन




**भैरुंदा।** संघ के शताब्दी वर्ष पर जिले में सकल हिंदू समाज के सम्मेलन हो रहे हैं। इसी क्रम छिदगांव मौजी मंडल के ग्राम बगलीखेड़ा वनवासी क्षेत्र मे 03 जनवरी को सुबह 10 बजे हिन्दू सम्मेलन होगा,इस ग्राम मे शत प्रतिशत आदिवासी वनवासी के लोग निवासरत है। हिन्दू सम्मेलन को लेकर वनवासी क्षेत्र के लोग बहुत उत्साहित है। वनवासी बन्धुओ का स्लोगन जात -पात की करो विदाई,हम सब हिन्दू भाई भाई।

हिन्दू सम्मेलन की तैयारी मे आदिवासी बन्धु जोरो सोरो से लगे हुये है।वनवासी क्षेत्र मे होने वाले हिन्दू सम्मेलन मे प्रत्येक घर मे पीले अक्षत देकर निमंत्रण दिया है जिसमे सपरिवार आने का आव्हान किया गया है। सम्मेलन का उद्देश्य हिन्दू समाज मे सामाजिक समरसता बढ़ाना,सद्भाव और समाज के सभी वर्गो को राष्ट्र निर्माण से जोड़ना है और संगठन की भावना को मजबूत करना करना है। तत्पश्चात वनवासी बन्धुओ के साथ समरस भोज कार्यक्रम भी होगा। वनवासी बंधुओं ने समरस भोज में अपना अंश दिया है,यह बहुत ही प्रेरणादायक है।

इससे पता चलता है कि वे समाज में एकता और समरसता को बढ़ावा देने के लिए कितने उत्सुक हैं। समरस भोज में उनका योगदान निश्चित ही इस आयोजन को और भी विशेष बनाएगा।

### कमियां निकली तो संचालक ने सिविल सर्जन पर लगाए झूठे आरोप

# सीएस की जांच में न ही मिले संबंधित डॉक्टर और न ही अस्पताल संचालक

**श्री देव हॉस्पिटल कुरावर में काम करने वाले डॉ भारंग भोपाल, रायसेन और राजगढ के 5 अस्पतालों में करते हैं काम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा




जिला चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर निजी अस्पतालों के निरीक्षण पर निकले सिविल सर्जन ने जब कुरावर के एक निजी अस्पताल की जांच की तो अस्पताल के झूठ का पर्दाफाश हो गया। जांच के समय वहां पर न ही तो संबंधित डॉक्टर ही मिला और न ही अस्पताल के संचालक। ऐसे में जब जांच आगे बडी तो पता चला की वहां पर जिस डॉक्टर को बताकर मरीजों के उपचार का काम किया जा रहा है वह उपस्थित ही नहीं है। इस बारें में सिविल सर्जन ने जब देव जनरल हॉस्पिटल कुरावर के स्टॉफ से बात की तो संतुष्टिपूर्ण जबाव ने मिलने पर संचालक को मुख्यालय आने के निर्देश दिए गए। जिस पर अस्पताल संचालक ने सिविल सर्जन पर पैसे

#### स्पष्टीकरण की बात कही...

सीएमएचओं के निर्देश के बाद ही जांच करने पहुंचा था वहां पर अनियमितताएं थी और कोई जिम्मेदार डॉ वहां मौजूद नहीं था जिसके कारण मैंने फोन लगाकर उनके संचालक से बात की और उनसे जिला अस्पताल आकर अपना स्पष्टिकरण देने की बात कहीं है।

**डॉ रजनीश शर्मा**, सिविल सर्जन राजगढ

#### देव अस्पताल के अलावा डॉ भारंग कई अस्पतालों में करते हैं काम

देव जनरल अस्पताल कुरावर डॉ कृष्ण कुमार भारंग के दम पर मरीजों के उपचार करने का दम भरता है परंतु सिविल सर्जन की जांच में सामने आया की डॉ के के भारंग अमन अस्पताल एंड ट्रॉमा सेंटर भोपाल,संकल्प मल्टीस्पेसलिटी अस्पताल भोपाल,सूर्यवंश मल्टीस्पेसलिटी अस्पताल भोपाल के साथ साथ श्री देव अस्पताल कुरावर राजगढ और मंडीदीप ट्रॉमा सेंटर रायसेन में काम कर रहे है ऐसे में एक डॉक्टर इतने अस्पतालों में मरीजों को कितना समय दे पाएगा यह समझा जा सकता है।

#### वीडियो जारी कर सीएस पर लगाए आरोप

बस स्टेंड के पास कुरावर में संचालित श्री देव अस्पताल प्रबंधन ने जब देखा की उनकी कमियां सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा द्धारा पकडी गई है तो उन्होने एक वीडियों के माध्यम से यह बातने का प्रयास किया की उनसे मुख्यालय पर आने का कहा गया है एवं पैसे मांगे गए है परंतु वीडियों का फेक्ट चेक करा गया पता चला ही वीडियों ने पैसे मांगने जैसी कोई बात नहीं हुई है।

# ये कैसी स्वच्छता, बदबू से घुट रहा दम?

### तहसील के सामने अस्थाई चौपाटी पर बदबू से परेशान लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



नगर की पहचान माने जाने वाले तहसील कार्यालय के ठीक सामने स्थित आस्थाई चैपाटी क्षेत्र इन दिनों भारी अव्यवस्था और गंदगी का शिकार बना हुआ है।

यहां जगहदृजगह फैला कचरा, प्लास्टिक, सड़ा-गला अपशिष्ट और कीचड़ भरा पानी आमजन के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन रहा है। हालात ऐसे हैं कि पूरे क्षेत्र में तेज दुर्गंध फैली रहती है, जिससे वहां से गुजरने वाले नागरिकों, दुकानदारों और राहगीरों को नाक ढककर निकलना पड़ता है। तहसील परिसर के सामने बने इस खुले मैदान में नालियों का गंदा पानी जमा होकर तालाब का रूप ले चुका है। उसमें कचरा, पॉलीथिन, बोतलें और खाने-पीने का अवशेष तैरता नजर आता है। यही नहीं, आवारा मवेशी भी इसी गंदे पानी के आसपास घूमते दिखाई देते हैं, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा लगातार बना हुआ है। चैपाटी होने के कारण शाम के समय यहां बड़ी संख्या में लोग आते हैं, लेकिन बदबू और गंदगी के कारण अब लोग यहां बैठने से भी कतराने लगे हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार नगर पालिका परिषद को इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हो सका है। लोगों ने मांग की है कि क्षेत्र की नियमित सफाई करवाई जाए, गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था की जाए और कचरा फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई हो, ताकि तहसील जैसे महत्वपूर्ण स्थान के सामने साफ-सुथरा और स्वस्थ वातावरण बन सके।

### निकाली गई रैली व झांकियां

## सकल हिंदू समाज के सम्मेलन आयोजन में शामिल हुए लोग




**माचलपुर।** नगर में सकल हिंदू समाज द्वारा आयोजित हिंदू समाज द्वारा विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया! जिसमे विशाल शोभा यात्रा नगर के चाठा कुंडी बालाजी मंदिर के पूजन कर निकाली गई रैली में अनेक धार्मिक झाकियां सजाई गई थी जिनके पात्र घोड़े वा रथ पर सवार होकर चल रहे थे! शोभायात्रा में महिलाएं सर पर कलश लिए वा पुरुष डीजे की धुन पर जय श्री राम का उदघोष करते हुए झूमते चल रहे थे! शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी जहा नगर वासियों ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया ! हिंदू सम्मेलन का आयोजन नगर के दशहरा मैदान पर किया गया था! जहां हिंदू समरसता के इस उत्सव में प्रमुख वक्ता के रूप में मौजूद साध्वी सरस्वती देवी ने अपनी ओजस्वी वाणी से सारे हिंदुओ को जाति पाती छोड़ कर एक होने की बात की साथ ही कहा की शास्त्र के साथ शास्त्र भी रखो वक्त पर काम आयेगे उन्होंने कहा जिस को भारत में अगर रहना है तो वन्देमातरम कहना होगा ! भारत माता की आरती के पश्चात सकल हिंदू समाज ने सहभोज किया।

### ग्रामीण अंचलों में मीटर गायब - क्यों हो रही है अनदेखी?

# शहरी क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर की होड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

**एक ओर जहां शहरी क्षेत्रों में बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने की होड़ मची हुई है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण अंचलों में आज भी कई घरों में बिजली कनेक्शन तो हैं, लेकिन मीटर नदारद हैं।**




यह स्थिति न केवल बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है, बल्कि ग्रामीण उपभोक्ताओं के साथ हो रहे भेदभाव को भी उजागर करती है। ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक ऐसे उपभोक्ता हैं जिनके पास वर्षों से बिजली कनेक्शन है, लेकिन अब तक उनके घरों में स्थायी मीटर नहीं लगाए गए। कहीं अस्थायी मीटर लगाकर वर्षों से काम चलाया जा रहा है तो कहीं मीटर पूरी तरह गायब हैं। इसके कारण उपभोक्ताओं को अनुमानित बिल थमाए जाते हैं, जिससे विवाद की स्थिति बनती है और गरीब ग्रामीण परिवारों पर आर्थिक बोझ भी बढ़ जाता है। सूत्रों के अनुसार, विभाग का अधिक ध्यान शहरी क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाने पर केंद्रित है, क्योंकि वहां राजस्व वसूली आसान और तेज मानी जाती है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में संसाधनों की कमी, कर्मचारियों का अभाव और उदासीन रवैया मीटर न लगने का प्रमुख कारण बताया जा रहा है।

ग्रामीण उपभोक्ताओं का कहना है कि वे नियमित रूप से बिल जमा करते हैं, इसके बावजूद मीटर न लगने से उन्हें पारदर्शिता नहीं मिल पा रही है। लोगों ने मांग की है कि शहरी क्षेत्रों की तरह ग्रामीण अंचलों में भी शीघ्र मीटर लगाकर बिजली बिलिंग व्यवस्था को पारदर्शी और न्यायसंगत बनाया जाए।


#### सुधार किया जाएगा...

संसाधन एवं स्टाफ की कमी के कारण ग्रामीण क्षेत्र में पूरी तरह मीटर नहीं लगे हैं मीटर लगाने की प्रक्रिया जारी है किसी का बिल अधिक है तो आकर आवेदन करें सुधार किया जाएगा ,

**विद्या सागर सिंह**, सहायक यंत्री विद्युत वितरण कंपनी सारंगपुर।

# तालाब में डूबने से 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ



गुरुवार को ब्यावरा के टाल मोहल्ला निवासी भौंनी सिंह कुशवाह पिता किशन लाल कुशवाहा उम्र 50 की पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना ग्राम काछीपुरा स्थित बड़ोदिया तालाब की है। जानकारी के अनुसार मृतक बीती शाम अपनी बहन नारायणी बाई के घर आया था। गुरुवार को तालाब में डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही संबंधित थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को तालाब से बाहर निकलवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। फिलहाल वह पानी मे कैसे डूबा इसकी पुलिस जांच कर रही है। मृतक की शादी हो चुकी है, लेकिन वह अकेला रहता था। किसी कारणवश वह बड़ोदिया तालाब पहुंचा, जहां पानी में डूबने से उसकी मृत्यु हो गई।

# कपिलेश्वर धाम पर उमड़े काफी श्रद्धालु

### अपने आराध्य का स्मरण कर नववर्ष का किया आगाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

जहां एक ओर हिन्दू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (गुड़ी पड़वा) से आरंभ होता है, वहीं अंग्रेजी नववर्ष के आगमन पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने आराध्य देव के दर्शन कर नए वर्ष की शुरुआत आस्था के साथ करते हैं। इसी क्रम में गुरुवार को नगर के प्रसिद्ध कपिलेश्वर तीर्थ धाम पर भक्तों का भारी तांता देखने को मिला। सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें मंदिर परिसर में लग गईं। भक्तों ने भूतभावन भगवान कपिलेश्वर महादेव, संकटमोचन हनुमान जी एवं नवग्रह मंदिर में विराजित शनिदेव के दर्शन कर अपने एवं परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और उन्नति की कामनाएं कीं। श्रद्धालुओं ने नए वर्ष में सभी प्रकार के संकटों से मुक्ति और मनोकामनाओं की पूर्ति हेतु विशेष पूजन-अर्चन भी किया।

मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होने के कारण पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल द्वारा यातायात व्यवस्था एवं भीड़ नियंत्रण को लेकर लगातार निगरानी रखी गई, जिससे दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कपिलेश्वर धाम में दिनभर धार्मिक वातावरण बना रहा। हर-हर महादेव और जय बजरंगबली के जयकारों से संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने इसे नए वर्ष की शुभ शुरुआत बताते हुए इसे आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बताया।

# खिलचीपुर में दो वर्ष से अनवरत चल रही प्रभात फेरी, की गई महाआरती

### युवा एवं महिलाओं में नववर्ष के प्रथम दिन भी उत्साह

**खिलचीपुर।** नगर में अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर प्राण-प्रतिष्ठा के पूर्व से प्रारंभ हुई प्रभात फैरी ने आज भव्य रूप ले लिया है । दो वर्ष पहले नगर के युवाओं ने प्रातः काल में श्री राम फैरी की शुरुआत की थी जो आज नगर की पहचान बन गई है।

प्रतिदिन रामद्वारा से सुबह सात बजे निकलने वाली इस प्रभात फेरी में युवा सज्जन शक्ति मातृशक्ति एक सैकड़ा से अधिक लोग शामिल होते हैं बुधवार को रामलला प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को दो वर्ष हो गए हैं साथ ही इस फैरी की भी दुसरी वर्षगांठ थी इस उपलक्ष्य में शाम को भी श्री राम फैरी निकाली गई जो सराय भवन से प्रारंभ होकर वीर हनुमान मंदिर खांडीबावडी पर महा आरती के साथ सम्पन्न हुई इस दौरान एक भव्य चल समारोह निकाला गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने राम भजन कीर्तन किए ! उल्लेखनीय है कि इस फैरी में बड़ी संख्या में महिलाएं और युवा शामिल थे ! श्री राम प्रभात फेरी का उद्देश्य है कि सभी समाजों के लोग इस फेरी में नित्य प्रतिदिन सम्मिलित हो जिससे हमारी एकता का मंत्र रामराज्य की कल्पना को साकार करेगा।




# हिन्दू सम्मेलन 19 और 26 को जीरापुर में आयोजित

### रामलला प्राण प्रतिष्ठा तृतीय वर्षगांठ मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



समग्र हिन्दू समाज में जाग्रति लाने के उद्देश्य से हिन्दू सम्मेलन का आयोजन आगामी 19 जनवरी 2026 को नगर के खिलचीपुर नाका नवीन हाट बाजार तालाब परिसर में विराट हिन्दू सम्मेलन में श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर अन्नपूर्णा गिरि जी ( साध्वी वर्षाजी ) श्री पंचायती निरंजनी अखाड़ा,उज्जैन (म.प्र.) मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगी। विराट हिन्दू सम्मेलन को लेकर नगर में विगत दिवस शोभा , कलश यात्रा भुमि पुजन का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ महोत्सव के तृतीय वर्ष को लेकर नगर मे आनंद उत्सव मनाया गया। जिसमें नगर में दीपोत्सव एवं अन्य धार्मिक आयोजन रखे गए हैं तथा प्रतिदिन प्रातः नगर के विभिन्न धार्मिक स्थलों से प्रभात फेरी निकाली जा रही जिसमें बड़ी संख्या में युवा पुरुष , महिलाऐ शामिल होकर भगवान के जयकारे एवं भजन कीर्तन करते हुए निकलते हैं। आज नगर के देवनारायण कालोनी , फलोदी कालोनी , भण्ड़ावद रोड़ , आवास , इंदर चैराहा , सिदेश्वर महादेव मंदिर होते हुए बुधवारिया बाजार हनुमान मंदिर पहुंची।

# शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय बंदा जागीर में हुआ एफएलएन मेले का आयोजन



**माचलपुर।** समीपवर्ती ग्राम बंदा जागीर के एकीकृत शासकीय विद्यालय में एफएलएन मेले का आयोजन किया गया जिसने प्रमुख अतिथि के रूप में माचलपुर टीआई भगीरथ शाक्य वा राजस्व अधिकारी राजेंद्र सिंह बरदानिया वा सरपंच प्रतिनिधि छगन सिंह गुर्जर और हरि सिंह गुर्जर रहे! एफएलएन मेले में शामिल बच्चो और लोगो का मार्गदर्शन करते हुए टीआई भगीरथ शाक्य ने कहा की समावेशी एवं गुणवतापूर्ण शिक्षा पर अपना फोकस करना चाहिए! साथ ही यह भी बताया की सायबर ठगी से किस तरह बचना चाहिए । सभी यातायात नियमों का पालन भी करना है वा क्षेत्र में फैली सामाजिक कुरीति नातरा झगड़ा वा बाल विवाह के संबंध में शासन द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुवे इन कुरुतियो से बचने की सलाह दी! इस अवसर पर विद्यालय स्टाप सहित गांव के नागरिक वा विद्यालय के बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे में लड़की को किया दस्तयाब

**बजरंग दल के पूर्व प्रांत संयोजक एवं जिला महामंत्री के प्रयास लाए रंग**

# लव-जिहाद में फिर एक नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था मुस्लिम युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा - राजगढ़

जिले में नाबालिक लड़कियों को बहला-फुसलाकर ले जाए जाने के कई मामले पूर्व में भी सामने आ चुके है। बुधवार को जिला मुख्यालय पर कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव में ऐसा ही एक मामला सामने आया, जहां भोपाल का एक मुस्लिम युवक नाबालिक लड़की को अपने साथ भोपाल लेकर फरार हो गया। मगर समय रहते परिवार की सतर्कता और हिन्दू संगठनों की जागरूकता के चलते यह मामला गंभीर मोड़ लेने से पहले ही नियंत्रण में आ गया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई के चलते मात्र 24 घंटे से भी कम समय में लड़की को सुरक्षित बरामद कर परिजनों को सौंप दिया गया।

#### सोशल मीडिया फिर बना पहचान का माध्यम, आरोपी ने हिंदू बनकर की दोस्ती

जानकारी अनुसार पीड़ति पूर्व में भोपाल में अपनी मामी के घर रहती थी। वहीं एक युवक से उसकी सोशल मीडिया पर पहचान हुई थी। परिजनों को जब इसकी भनक लगी तो उन्होंने एहतियातन उसका मोबाइल फोन अपने पास रख लिया। लेकिन नाबालिक होने के कारण लड़की चोरी-छिपे अपने माता-पिता के फोन से संपर्क में बनी रही। बताया जाता है कि युवक ने इसी कमजोरी का फायदा उठाते हुए बुधवार देर शाम गांव पहुंचकर उसे बहला-फुसलाकर साथ ले गया और भोपाल की ओर रवाना हो गया। घरवालों को बेटी के लापता होने का पता चला तो घर में हड़कंप मच गया। तत्काल इसकी सूचना बजरंग दल के पूर्व प्रांत संयोजक देवी सिंह सोंधिया को दी गई। उन्होंने बिना देर किए कोतवाली पुलिस से संपर्क किया और गुमशुदगी सहित आवश्यक धाराओं में प्रकरण दर्ज कराने की पहल की। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए खोजबीन शुरू की और गुरुवार सुबह भोपाल में युवक के संभावित ठिकाने पर दबिश देकर नाबालिक को सुरक्षित बरामद कर लिया।



#### पॉक्सो में हुआ मामला दर्ज


लड़की ने बयान में बताया कि युवक ने स्वयं को हिंदू युवक बताकर झूठे प्रेम के भरोसे साथ ले गया था। उसके बयान बाल कल्याण समिति एवं न्यायालय में भी दर्ज कराए गए हैं। पुलिस ने विभिन्न धाराओं 366, 376, 506, 3/4 पॉक्सों एक्ट में मामला दर्ज कर लड़की का मेडिकल करवाकर धारा 164 के तहत बयान दर्ज करवाकर, आरोपी की तलाश तेज कर दी है। इधर, लड़की को परिवार के हवाले कर परिजन राहत की सांस ले रहे हैं।

#### लव जिहाद का यह पहला मामला नहीं है: भाजपा महामंत्री देवी सिंह

मामला संज्ञान में आते ही मैंने जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को मामले की जानकारी दी और उनसे कहा कि यह पहला मामला नहीं है जब यहां की बेटियां लव जिहाद का शिकार हो रही है आप तत्काल कार्यवाही करें वरना हिन्दू समाज में आक्रोश फैल गया तो वो किसके नियंत्रण में नहीं रहेगा, और ऐसे अपराधियों को सजा दिलाने के लिए न्यायालय की शरण लेगी। इस पर पुलिस ने भी तत्परता दिखाई और 24 घंटे के अंदर बेटी को दस्तयब कर माता-पिता को सोपा गया है। उम्मीद है आगे से भी कोतवाली के साथ ही जिले का पुलिस बल इसी ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा के साथ काम करेगा।

## खबर संक्षेप

### आष्टा प्रेस क्लब अध्यक्ष बने बाबू पांचाल



**आष्टा।** भोपाल इंदौर मार्ग पर आष्टा में ऑडी चौपाटी पर आष्टा प्रेस क्लब रजिस्टर्ड संस्था की वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें त्रिवार्षिक चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई जिसमें अध्यक्ष बाबू पांचाल को बनाया गया साथ ही नवीन कार्यकारिणी का भी गठन हुआ। बैठक में ज्योतिषाचार्य पंडित अमित तिवारी ने अध्यक्ष पद हेतु बाबू पांचाल का नाम प्रस्तावित किया जिसका समर्थन संगठन संरक्षक श्याम शर्मा सलिल,बी. एस. वर्मा, ने किया और अध्यक्ष पद पर बाबू पांचाल के नाम की सर्वसम्मति से घोषणा की गई सभी ने पांचाल का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया कार्यक्रम में नवीन कार्यकारिणी की भी घोषणा की गई जिसमें महासचिव राकेश बैरागी, सचिव धनंजय जाट,कोषाध्यक्ष सतीश जोशी,उपाध्यक्ष इजराइल मंसूरी, उपाध्यक्ष कैलाश अजनोटिया, मीडिया प्रभारी अभिषेक बालाजी शर्मा, मोहित सोनी, सह मीडिया प्रभारी जितेंद्र बैरागी, कार्यकारिणी सदस्यों में अंकित जैन, जितेंद्र राठौर, छोटू भाई, सादिक भाई, इस्माइल भाई, उदय सोश्रिय ,सोभाल सिंह ठाकुर, नगीन चंद जैन, कमलेश खत्री, राजेश कुमार सोलंकी,नागेंद्र ठाकुर,रोशन विश्वकर्मा शामिल है। वहीं संरक्षक अब्दुल रुउफ खान लाला, संरक्षक पण्डित अमित तिवारी, संरक्षक जहुर मंसूरी, संरक्षक श्याम शलिल शर्मा, संरक्षक नारायण जाट,संरक्षक रूपचंद जैन, संरक्षक मुकेश सोनी,संरक्षक आनंदीलाल सोनी,संरक्षक बी. एस. वर्मा, संरक्षक बहादुर सिंह ठाकुर, संरक्षक हरीश शर्मा, संरक्षक दिनेश माथुर आदि शामिल है।


### इंदौर जैसी घटना होने की आशंका, नपा प्रतिनिधि आए एक्शन में


# बोरिंग में जा रहा था नाले का दूषित पानी एसडीएम ने नपा सीएमओ को लिखा पत्र

घरों के सामने निर्माणधीन नाले में कई दिनों से दूषित पानी भरा हुआ है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा






जनपद पंचायत आष्टा
2/ मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद आष्टा/जावर/कोठरी

विषय :- शुद्ध पेयजल प्रदाय करने के सम्बंध में।

विषयान्तर्गत लेख है कि वर्तमान में इन्दौर शहर में हुई दूषित पेयजल के कारण नागरिकों की मृत्यु की दुर्घटना को दृष्टिगत रखते हुये निर्देशित किया जाता है कि आप अपने प्रभार क्षेत्र के अन्तर्गत पेयजल प्रदाय केन्द्र एवं पाईप लाईनो का निरीक्षण एई0/एसडीई0 जल प्रदाय प्रभारी व स्वच्छता प्रभारी का संयुक्त दल से करावें। विशेष कर ऐसेक स्थलों पर जहाँ नाली व पेयजल प्रदाय पाईप लाईन सम्पर्क में आती हो। विषय की प्राथमिकता को दृष्टिगत रखते हुये यह सुनिश्चित करें कि पेयजल में कहीं भी दूषित जल नहीं मिल रहा है।

उपरोक्त आशय का प्रमाण पत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता को एक सप्ताह में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

अनुविभागीय अधिकारी
आष्टा (सीहोर)
आष्टा दिनांक 02/01/2026

पृ.क्र. 02 /रीडर/2026
प्रतिलिपि:-
कलेक्टर महोदय सीहोर की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।

अनुविभागीय अधिकारी
आष्टा (सीहोर)

बीते दिनों इंदौर के भागीरथपुरा में गंदा पानी पीने से एक सप्ताह के अंदर 15 लोग मौत का शिकार हो चुके हैं हालांकि प्रशासन 10 मौतों की ही पुष्टि कर रहा है। वही जहरीला पानी पीने से 200 से अधिक लोग अभी भी अस्पतालों में भर्ती हैं इनमें से 45 लोग आईसीयू में भर्ती है और अभी भी इलाके से लोग उल्टी-दस्त से पीड़ित होकर अस्पतालों में भर्ती हो रहे हैं लिहाजा इंदौर के भागीरथपूरा जैसी घटना का डर आष्टा के नागरिकों में भी देखने को मिला जब नगर पालिका अंतर्गत वार्ड 15 के रहवासियों ने निर्माणधीन नाले में जमा दूषित पानी अपने बोरिंग ट्यूबवेल में जाने को लेकर शिकायत की और वीडियो जारी कर इंदौर जैसी घटना होने की आशंका तक जता दी। जिससे अब हड़कंप मचा हुआ है। वहीं नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा और स्थानीय प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है।

### जिम्मेदारों ने नहीं दिया ध्यान

नगर पालिका के वार्ड 15 अंतर्गत स्थित गोकुलधाम गार्डन के पीछे रहने वाले रहवासियों ने बताया कि हमारे घरों के सामने निर्माणधीन नाले में कई दिनों से दूषित पानी भरा हुआ है और यही दूषित पानी पिछले एक सप्ताह से घरों के बोरिंग ट्यूबवेल के जरिए हमारे घरों में आ रहा है जिसकी शिकायत स्थानीय वार्ड पार्षद से लेकर स्थानीय नगर पालिका के अधिकारियों को भी की गई थी लेकिन किसी ने भी हमारी समस्या को हल नहीं किया,जिसके चलते हमें इंदौर के भागीरथपूरा में हुई जैसी घटना की आशंका होती नजर आ रही है। वहीं बोरिंग ट्यूबवेल में नाले के दूषित पानी आने से पीने के पानी की भी समस्या आ रही है।

### मामला मीडिया में पहुंचा तो मचा हड़कंप

एक सप्ताह से वार्ड 15 के रहवासियों के बोरिंग ट्यूबवेल के जरिए घरों में जा रहे नाले के दूषित पानी पर जब जिम्मेदार वार्ड पार्षद और नगर पालिका अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया तो मामला मीडिया के संज्ञान में पहुंचते ही प्रशासनिक हल्के में हड़कंप मच गया। गौरतलब है कि उक्त वार्ड के स्थानीय रहवासियों ने वीडियो के जरिए अपनी समस्या बताई और मीडिया से जिम्मेदारों तक अपनी बात पहुंचाने की बात कही। जैसे ही यह मामला मीडिया पहुंचा तो नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा एक्शन में आए और वार्ड 15 के रहवासियों से मिले और तत्काल उक्त समस्या को निराकरण करने के निर्देश नगर पालिका अधिकारियों को दिए, वहीं अनुविभागीय अधिकारी नितिन टाले ने भी मामला संज्ञान में लेते हुए इंदौर के भागीरथपूरा जैसी घटना से सबक लेते हुए तत्काल दूषित पानी को रोकने के आदेश जारी कर नगर में हो रही पेयजल सप्लाई में कही भी दूषित पानी न जा रहा हो उसके लिए दल बनाकर निरीक्षण करने के निर्देशित किया है। वहीं नगर पालिका सीएमओ से एक सप्ताह में जवाब मांगा है।

### वार्ड 14 में दूषित पानी की शिकायत

इधर नगर पालिका परिषद अंतर्गत वार्ड 14 में भी स्थानीय नागरिको ने दूषित पानी आने की शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर भी कर डाली। लेकिन इसके बावजूद रहवासियों को दूषित पानी सप्लाई किया जा रहा है। जिसको लेकर नागरिकों ने जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों को भी अवगत कराया लेकिन यह भी जिम्मेदार नहीं जागे।

### इंदौर जैसी घटना न हो: नेता प्रतिपक्ष

वार्ड 15 के रहवासियों के घरों में जा रहे दूषित पानी को लेकर नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष राजकुमार मालवीय भी सक्रिय हुए और स्थानीय लोगों से मिलने पहुंचे जहां राजकुमार मालवीय ने इंदौर जैसी घटना होने की आशंका जताते हुए नागरिकों को शुद्ध पेय जल उपलब्ध कराने के लिए नगर पालिका अधिकारियों से चर्चा की और बताया कि दूषित पानी पीने से कुछ बच्चे बीमार हुए हैं लेकिन कोई बड़ी घटना न हो इसलिए अधिकारी ध्यान देवे।

# संत गोविंद जाने के वचनों से श्रद्धालु हुए भावविभोर

### श्रीमद् भागवत कथा का दूसरा दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिवस संत गोविंद जाने के अमृत वचनों को सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन पहुंचे। कथा के दौरान गुरुदेव ने पुण्य, धर्म और गृहस्थ जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।संत श्री ने कहा कि जब व्यक्ति के पुण्य कमजोर होने लगते हैं, तब घर में कलयुग का प्रवेश होने लगता है। इसके परिणामस्वरूप धीरे-धीरे बीमारी, अविश्वास, चिंता और बेचैनी घर में स्थान बना लेती है।

उन्होंने कहा कि जिस दिन व्यक्ति अपने घर को मंदिर बना लेता है, उस दिन श्रीकृष्ण नाम के आशीर्वाद की औषधि स्वयं उसके घर में प्रवेश कर जाती है। जो कार्य धन और संपत्ति नहीं कर पाते, वे कार्य विपत्ति में गौ माता की दुहाई और सद्गुरु का आशीर्वाद कर देता है।गुरुदेव ने बताया कि यदि स्वप्न में गौ माता बछड़े को दूध पिलाती दिखाई दें या मंदिर में आरती होती नजर आए, तो यह भगवान की विशेष कृपा का संकेत है। उन्होंने यह भी कहा कि विषम परिस्थितियों से सुरक्षित निकल पाना धर्मपत्नी के पल्लू, चूड़ा और मांग के सिंदूर के पुण्य का फल होता है।संत श्री ने कहा कि घर की पहचान धन से नहीं, बल्कि तुलसी क्यारे, आंगन में गौ माता और सात्विक खान-पान से होती है। बुरे विचार आने पर मन को नियंत्रित कर पीछे हट जाना ही सच्चा धर्म है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि भाई-भाई या पड़ोसी-मोहल्ले में कपट होगा, तो मंदिर जाने का कोई लाभ नहीं होगा। प्रेम और निष्ठा से रहने पर ही भगवान प्रार्थनाएं स्वीकार करते हैं।


उन्होंने बताया कि माता-पिता के क्रियाकर्म, मंदिर निर्माण, कथा पंडाल, भंडारा और दिन-दुखियों की सेवा—इन पांच स्थानों पर किया गया दान-दक्षिणा भगवान स्वयं उतारते हैं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा, समिति अध्यक्ष रूपेश राठौर, डॉ. मीना सिंगी, संयोजक डॉ. मनोज नागर सहित बंटी मेवाड़ा, जगदीश चौहान, राजा मेवाड़ा, चेतन सिंह ठाकुर, चेतन वर्मा, जुगल पटेल, नानूराम मेवाड़ा, शोभाला सिंह मुलगी, चंद्र ठेकेदार, जटाल सिंह, कृपाल सिंह पटड़ा, डॉ. रतन सिंह, जितेंद्र सितोलिया, संध्या बजाज, मंजू राठौर, गीत राठौर, भगवती सोनी, संगीता शुक्ला, मनोज सोनी, विजय लक्ष्मी उपाध्याय, प्रेम नारायण शर्मा, मयूर नगर, रघुवीर चौहान सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### किसान संघ की बैठक हुई, समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई

**आष्टा।** शुक्रवार को भारतीय किसान संघ द्वारा तहसील बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष राकेश वर्मा, जिला युवा वाहिनी संयोजक सचिन पटेलत, हसील अध्यक्ष जितेंद्र आर्य, जिला मंत्री डॉ. कमल यादव, तहसील मंत्री विनोद राठौड़, जिला कार्यकारिणी सदस्य ईश्वरलाल आर्य, ज्ञान सिंह मेवाड़ा, तहसील कार्यकारिणी सदस्य / तहसील युवा संयोजक विनोद आर्य, अर्जुन सिंह परवनी, ज्ञान सिंह डाबड़ी, आत्माराम मालवी, बिजेन्द्र सिंह (मोरूखेड़ी) जिला सह-कोषाध्यक्ष ज्ञान सिंह (निपानिया)अन्य सदस्य बाबूलाल, हेमराज आर्य, कुमेर सिंह, सरदार सिंह सहितविभिन्न ग्रामों से पधारे किसान बंधु भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सुंदरकांड, भजन व झांकियों से नववर्ष का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शास्त्री कॉलोनी में 31 दिसंबर की रात स्थानीय रहवासियों द्वारा हर वर्ष की परंपरा के अनुरूप इस वर्ष भी भव्य सुंदरकांड पाठ, भजन संध्या व महाप्रसादी वितरण का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

इस धार्मिक आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति की।कार्यक्रम की शुरुआत शाम 8 बजे हुई। सुंदरकांड एवं भजन प्रस्तुति के लिए नेवचखेड़ी-बड़ोदिया से पधारी भजन मंडली ने अत्यंत भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति दी। टीम में गायक कलाकारों के साथ नाट्य कलाकारों ने भी सहभागिता की, जिन्होंने कृष्ण लीला, हनुमान लीला, हनुमान-जामवंत संवाद एवं माताजी के रूप में सजीव और मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।भजन इतने मधुर और ऊर्जावान थे कि श्रोता बार-बार खड़े होकर झूमने लगे। पूरा वातावरण जय श्रीराम और भक्ति रस से सराबोर हो गया। कार्यक्रम रात्रि 12 बजे नववर्ष के शुभारंभ पर महाआरती के साथ संपन्न हुआ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, नपा में विधायक प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ऋतु आनंद जैन, भाजपा जिला महामंत्री तारा कटारिया, वार्ड 17 के पार्षद विशाल चौरसिया वार्ड 16 के पार्षद रवि शर्मा, वार्ड 18 की पार्षद लता मुकाती, वरिष्ठ समाजसेवी कैलाश सोनी, पंकज नाकोडा, प्रेमनारायण शर्मा, पूर्व पार्षद नरेंद्र कुशवाह, दिनेश सोनी, गोविंद सोनी, अवनीश पिपलोदिया, मोहित सोनी, राजू कुशवाह (ठेकेदार), देवबगस पटवारी, शैलेन्द्र साहू, गिरिजा कुशवाह, उमेश शर्मा, गोलू सोनी गणेश, हरिओम भूतिया सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं सैकड़ों भक्तगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात महाप्रसादी वितरण किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। रहवासियों व कार्यकर्ताओं का योगदान रहा।

# भागवत कथा विश्राम पर कृष्ण-सुदामा की मित्रता के प्रसंग पर श्रद्धालुओं की आंखें भीगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



महिदपुर रोड गुरुवार को श्रीमद् भागवत कथा का सप्तम एवं अंतिम दिवस अत्यंत भावुक, भक्तिमय और उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कथा विश्राम के अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण–सुदामा की अमिट मित्रता के प्रसंग ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया, कई श्रद्धालुओं की आँखें नम हो गईं। कथा प्रवक्ता पूज्य सुनीलकृष्ण व्यास (बेरछा वाले) ने शिशुपाल वध, कृष्ण–सुदामा मिलन एवं सुदामा चरित्र का अत्यंत मार्मिक वर्णन करते हुए बताया कि सच्ची मित्रता पद, वैभव या संपत्ति की मोहताज नहीं होती। श्रीकृष्ण–सुदामा की मित्रता प्रेम, समर्पण और निष्काम भाव का सर्वोच्च उदाहरण है। सप्तम दिवस के अवसर पर श्रीमद् भागवत पुराण शोभा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकली, जहाँ अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। भजनों की धुन पर श्रद्धालु झूमते-नाचते चल रहे थे, जिससे संपूर्ण नगर भक्तिरस में सराबोर हो गया। शोभा यात्रा के दौरान संदीप अनोखीलाल फरक्या द्वारा सभी श्रद्धालुओं के लिए फ्रूटी जूस की सेवा की गई। गायक नितेश दांगी ने मधुर भजनों की प्रस्तुतियाँ देकर वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया। कथा विश्राम के उपरांत विशाल भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। आयोजन समिति द्वारा पुलिस स्टाफ, विद्युत मंडल स्टाफ, रंगोली आर्टिस्ट एवं पत्रकार दिनेश मंडोरा , नरेश शर्मा ,सचिन भंडारी आदि पत्रकार बंधुओं का स्वागत सम्मान किया गया। साथ ही सतीश गंगवाल एवं प्रचार-प्रसार हेतु ऑडियो व्यवस्था करने वाले संजीव शर्मा का भी समिति की ओर से स्वागत किया गया। सप्तम दिवस की आरती एवं प्रसादी के यजमान श्रीकांत गुर्जर (कान्हा भैया) रहे, जिन्होंने श्रद्धा भाव से आयोजन में सहयोग प्रदान किया। श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह का समापन भक्ति, प्रेम, मित्रता और सेवा के दिव्य संदेश के साथ हुआ, जिसने श्रद्धालुओं के हृदय में गहरी आध्यात्मिक छाप छोड़ी। समापन अवसर पर श्रीराम हनुमान मंदिर समिति के अध्यक्ष नारायण सिंह चौहान बापू ने कथा आयोजन में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले समस्त श्रद्धालुओं, सेवाभावी कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। सभी नगर वासियों ने सप्त दिवस की भागवत कथा भागवत पुराण शोभायात्रा एवं भंडारे में उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया उक्त जानकारी नगर के सामाजिक कार्यकर्ता सचिन भंडारी ने दी।

# मारवाड़ी महिला मंडल आष्टा शाखा ने जीते 11 अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन का 13 प्रांतीय अधिवेशन उज्जैन के शिवांजलि गार्डन में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजू सरावगी और राष्ट्रीय प्रांतीय पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रांतीय अध्यक्ष राजकुमारी बागड़ी की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। राजकुमारी बागड़ी व सभी पदाधिकारीयों ने पधारी हुई शाखाओं को शील्ड देकर सम्मानित किया।

शाखाओं ने अपनी प्रस्तुति दी। पूरे मध्य प्रदेश से 26 शाखा पधारी और भी कई कार्यक्रम हुए। शाखा आष्टा ने स्वच्छता व देशभक्ति पर प्रजेंटेशन दिया। शाखा आष्टा ने 11 आवार्ड जीते, जिसमें वेस्ट अध्यक्ष का अवार्ड रानी सोनी को मिला। शाखा जोड़ने पर विशेष सहयोगी सलाहकार का अवार्ड विजयलक्ष्मी उपाध्याय को 2 अवार्ड मिले। स्मिता मुंद्डा को महिला सशक्तिकरण का अवार्ड मिला। सुनीता ऐलजपुरिया को बाल विकास,नेहा सोनी को पर्यावरण, नेत्रदान का ममता वर्म, अनीता को मिला। इस अवसर पर अनुपम टेलर, उपाध्यक्ष दुर्गा तिवारी, कोषाध्यक्ष उषा तिवारी, वीणा पुरोहित, श्रद्धा पालीवाल कार्यक्रम में कई शाखा उपस्थित रहे। साथ ही नव निर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष संतोष सोडाणी जी की ताजपोसी सेरेमनी भी की गई।

### दिव्योदय जैन तीर्थ किला मंदिर में संगीतमय भक्तांबर महामंडल विधान संपन्न

# मुनि विश्वसूर्य सागर व साध्य सागर के सानिध्य में हुई आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर में विराजित मुनिश्री विश्वसूर्य सागर मुनिराज एवं मुनिश्री साध्य सागर मुनिराज के पावन सानिध्य में गुरुवार 1 जनवरी को प्रातः 8:30 बजे से किला मंदिर के सभागृह में 1008 भगवान ऋषभदेव की आराधना के साथ संगीतमय भक्तांबर महामंडल विधान भक्ति भावपूर्वक सम्पन्न हुआ।विधान के दौरान मुनिश्री विश्वसूर्य सागर जी एवं मुनिश्री साध्य सागर जी मुनिराज द्वारा मंत्रोच्चार के साथ 48 महार्घ्यों सहित महाअर्घ्य समर्पित कराए गए। श्रद्धालुओं ने धार्मिक विधि-विधानपूर्वक आराधना कर पुण्य लाभ अर्जित किया। शाम के समय मुनिश्री साध्य सागर जी मुनिराज के पावन सानिध्य में श्री भक्तांबर महाआराधना का आयोजन किया गया, जिसमें 48 मंगलमय दीपकों से दीप आराधना की गई।

सुबह विधान के समय लाभार्थियों सहित उपस्थित समाजजनों का उत्साह देखने लायक था। नववर्ष के मंगल अवसर पर श्री भक्तांबर महामंडल विधान से एक नई ऊर्जा न केवल समाज को अपितु सभी नगरवासियों को भी मिली है। सायंकाल 6:30 बजे किला मंदिर परिसर में नगर की जीवनदायिनी पार्वती नदी के भूगर्भ से निकली प्राचीनतम नदिया वाले बड़े बाबा श्री आदिनाथ भगवान के श्री चरणों में पूज्य मुनिश्री साध्य सागर जी महाराज के श्री मुख से ऋद्धि-युक्त मंत्रों का वाचन एवं दीप अर्चन किया गया। श्री भक्तांबर महामंडल विधान पर मुनिश्री विश्वसूर्य सागर एवं साध्य सागर मुनिराज ने अपने आशीर्वचन में कहा कि श्री भक्तांबर महामंडल विधान केवल एक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और आत्मोन्नति का पावन मार्ग है। भगवान आदिनाथ एवं अरिहंत प्रभु की आराधना से आत्मा के आवरण रूपी कर्म क्षीण होते हैं और जीवन में शांति, संयम व समता का भाव जागृत होता है।उन्होंने कहा कि भक्तांबर स्तोत्र के प्रत्येक श्लोक में अद्भुत आध्यात्मिक शक्ति निहित है, जो श्रद्धा और विधि के साथ किए जाने पर साधक के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाती है। महामंडल विधान के माध्यम से जो महाअर्घ्य समर्पित किया जाता है, वह केवल द्रव्य अर्पण नहीं, बल्कि अहंकार, आसक्ति और विकारों के त्याग का प्रतीक है।मुनिश्री ने बताया कि 48 महार्घ्यों के साथ की गई आराधना जीवन के 48 प्रकार के दोषों से मुक्ति की भावना को पुष्ट करती है तथा साधक को धर्म, ध्यान और संयम की ओर अग्रसर करती है। यह विधान मन, वचन और काय की शुद्धता का अभ्यास कराता है।

आशीर्वचन में मुनिश्री ने कहा कि जो श्रद्धालु भक्ति भाव से दीप आराधना करता है, उसके जीवन का अंधकार दूर होकर ज्ञान का प्रकाश प्रकट होता है। भक्तांबर महामंडल विधान से परिवार, समाज और राष्ट्र में भी सद्भाव, अहिंसा और नैतिक मूल्यों की स्थापना होती है।अंत में मुनिश्री ने सभी श्रद्धालुओं को आशीष प्रदान करते हुए कहा कि भगवान आदिनाथ की कृपा से सभी के जीवन में आरोग्य, शांति, सद्बुद्धि और धर्म मार्ग पर दृढ़ता बनी रहे, यही इस महामंडल विधान का परम फल है।इस अवसर पर आदिनाथ भगवान की प्रतिमा के समक्ष रंगोली से बनाये गये श्री भक्तांबर महामंडल विधान पर कलश स्थापना,अष्टप्रतिहारी ,मंगल कलश, आरती एवं ध्वज आदि की स्थापना करने का लाभ समाजजनों ने बढ़ - चढ़ कर लिया।नगर के भजन गायक शरद जैन, मुकेश जैन, निर्मल जैन (डीएम) एवं सुभाष जैन (ट्रांसपोर्ट) ने भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति से किला मंदिर परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत रहा।

# पटेल की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

क्षेत्र के मार्गदर्शक और सामाजिक समरसता के प्रतीक स्वर्गीय शिवनारायण जपटेल की 11वीं पुण्यतिथि पर अत्यंत श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में नगर के वरिष्ठजनों और प्रबुद्ध नागरिकों ने शिरकत कर बाबूजी के प्रगतिशील विचारों को याद किया।

संचालन अर्जुन सिंह पटेल द्वारा किया गया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बाबूजी का व्यक्तित्व दूरदर्शिता और लोक-कल्याण का संगम था। उनके द्वारा सामाजिक एकजुटता हेतु किए गए भगीरथ प्रयास आज भी हमारी धरोहर हैं, जो हमें सेवा पथ पर अग्रसर रहने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उनके नाती पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल, भतीजे अर्जुन सिंह पटेल, पूर्व नप अध्यक्ष रूपेश पटेल, देवबगश मेवाड़ा, राम पटेल भीलखेड़ी ,पार्षद मुकेश भेंडी, महेश नेता, सुंदर लाल पटेल, गजराज सिंह पटेल, कमल करमोरिया लसूड़िया, महेश करमोरिया, अजय पटेल और एडवोकेट सुमित कर्मोदिया सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे, जिन्होंने स्व. पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें सादर नमन किया।